समस्त पत्र–व्यवहार रजिस्ट्रार लखनऊ विश्वविद्यालय, को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं

पत्र संख्या........................

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ ।

दिनांक..............................

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष / समस्त विभागाध्यक्ष,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः– वर्ष 2010 या उसके पूर्व शोध पाठ्यक्रमों के लिये प्रजीकृत हुये छात्र–छात्राओं को कोर्स वर्क कराने के सम्बन्ध में पूर्व मे प्रेषित पत्र संख्या–22260–95 दिनांक 04.10.2012 में संशोधन विषयक।

महोदय / महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक कार्यालय के पत्र संख्या 10231--91 दिनांक 11.05.2012 एवं पत्र संख्या 22260 95 दिनांक 04.10.2012 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में छात्रों में उत्पन्न हुये भ्रम को दूर करने हेतु, किये गये संशोधन से अवगत कराना है कि ऐसे छात्र–छात्रा जिन्हें वर्ष 2010 या उसके पूर्व शोध पाठ्यक्रमों के लिये पंजीकृत किया गया है यदि वे कोर्स वर्क करना चाहते है तो इस वर्ष 2012–13 मे पंजीकृत होने वाले छात्रों के साथ पी०एचडी० प्रोग्राम (प्रथम वर्ष) के पंजीकरण शुल्क के समतुल्य फीस जमा कर, कोर्स वर्क कर सकेंगे। कोर्स वर्क में प्रवेश की समस्त कार्यवाही सम्बन्धित विभागाध्यक्ष की संस्तुति पर सम्बन्धित अधिष्ठाता द्वारा निष्पादित की जायेगी। सम्बन्धित विभाग में कोर्स वर्क हेतु पंजीकृत छात्रों का उपस्थिति रजिस्टर अनिवार्य होगा। कोर्स वर्क पूर्ण करने के पश्चात् सम्बन्धित अधिष्ठाता की नोटिस / सूचना पर विश्वविद्यालय (उपाधि अनुभाग) द्वारा प्रमाण पत्र दिया जायगा। जो छात्र प्रथम वर्ष के कोर्स वर्क में सम्मिलित नही हो पाते है अथवा सफल नही होंगे उन्हें अगले वर्ष कोर्स वर्क में सफल होने का अतिरिक्त अवसर दिया जायगा।

भवदीय

(जे०बी० सिंह)
कुलसचिव

संख्या 396-401/2013 दिनांक 04-01-2013

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01.वित्त अधिकारी, ल०वि०वि० लखनऊ।
02.उपकुलसचिव(लेखा) ल०वि०वि० लखनऊ।
03.अधीक्षक कैशियर, ल०वि०वि० लखनऊ।
04.परीक्षा नियंत्रक, ल०वि०वि० लखनऊ।
05.उपकुलसचिव(परीक्षा) ल०वि०वि० लखनऊ।
06.प्रभारी डी०टी०पी० सेक्सन ल०वि०वि० लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त को ल०वि०वि० की वेबसाइट में सम्मिलित करने का कष्ट करें।

J.B.Singh
कुलसचिव